# UP Board Important Questions Class 12 Chapter 2 विश्व जनसंख्या-वितरण, घनत्व और वृद्धि (Manav Bhugol Ke Mool Sidhhant)

## एक अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :** प्रति इकाई क्षेत्रफल पर निवास करने वाले व्यक्तियों की औसत संख्या को जनसंख्या घनत्व कहतें हैं । इसकी गणना निम्न प्रकार की जाती है घनत्व = _ कुल जनसंख्या कुल क्षेत्रफल

**प्रश्न 2. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना कैसे की जाती है ?**

**उत्तर :** जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना दिए गए सूत्र द्वारा की जा सकती है। जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि = (जन्म-मृत्यु) + (आप्रवास-उत्प्रवास)

**प्रश्न 3. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का क्या उपयोग है ?**

**उत्तर :** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का उपयोग किसी क्षेत्र की जनसंख्या का वर्णन करने तथा भविष्य की जनसंख्या के पूर्वानुमान के लिए किया जा सकता है।

**प्रश्न 4. किसी प्रदेश की मृत्यु दर किस प्रकार प्रभावित होती है ?**

**उत्तर :** किसी प्रदेश की मृत्यु दर वहाँ की जनांकिकीय संरचना /सामाजिक / सामाजिक उन्नति/ आर्थिक विकास के स्तर द्वारा प्रभावित होती है।

**प्रश्न 5. जनसंख्या वृद्धि एंव आर्थिक विकास में ऋणात्मक संबंध होता है। स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** विकसित देशों में विकासशील देशों की तुलना में जनसंख्या वृद्धि कम है। जो जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में ऋणात्मक संबंध को स्पष्ट करती है।

**प्रश्न 6. एशिया की जनसंख्या के सम्बन्ध में जार्ज क्रेसी की टिप्पणी क्या हैं?**

**उत्तर :** “एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत ____ अधिक लोग रहते है।

**प्रश्न 7. विश्व में जनसंख्या की वर्तमान वार्षिक वृद्धि दर (2004-2005) क्या है?**

**उत्तर :** विश्व जनसंख्या की वर्तमान वार्षिक वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत है।

**प्रश्न 8. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की प्रथम अवस्था के दो महत्वपूर्ण लक्षण__बताइए?**

**उत्तर :** उच्च प्रजननशीलता तथा उच्च मर्त्यता।

**प्रश्न 9. विश्व में किस देश की जनसंख्या की वृद्धि दर सर्वाधिक है ?**

**उत्तर :** लाईबेरिया (8.2 प्रतिशत)

**प्रश्न 10. विश्व में किस देश की वृद्धि दर सबसे कम है ?**

**उत्तर :** लेटविया (1.5 प्रतिशत)

**प्रश्न 11. विकासशील (अफ्रीका) देशों में जीवन प्रत्याशा कम क्यों है ?**

**उत्तर :** एच.आई.वी./एड्स जैसी जानलेवा बीमारियों के कारण।

**प्रश्न 12. जनांकिकीय चक्र क्या है?**

**उत्तर :** जैसे ही समाज ग्रामीण खेतीहर और अशिक्षित अवस्था से उन्नति करके नगरीय औद्योगिक व साक्षर बनता है वहाँ भी जनसंख्या उच्च जन्मदर व उच्च मृत्युदर से निम्न जन्मदर व निम्न मृत्युदर में परिवर्तित हो जाती है। ये परिवर्तन विभिन्न अवस्थाओं में होते है। इन्हें जनांकिकीय चक्र कहते हैं।

**प्रश्न 13. 'जनसंख्या वितरण' की परिभाषा लिखिए।**

**उत्तर :** जनसंख्या वितरण शब्द का अर्थ भूपृष्ठ पर वितरित लोगों के स्वरूप से है।

**प्रश्न 14. विश्व में कौन से देश अपनी जनसंख्या दो गुना करने में अधिक समय ले रहे हैं ?**

**उत्तर :** विकसित देश।

**प्रश्न 15. जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि कब होती है ?**

**उत्तर :** जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि तब होती है जब दो समय अन्तरालों के बीच जन्म-दर, मृत्यु-दर से अधिक हो या जब अन्य देशों से लोग स्थायी रूप से उस देश में प्रवास करें।

**प्रश्न 16. "लोगों की संख्या खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ती __है। जिसका परिणाम अकाल, महामारी तथा युद्ध जैसी विपदाओं केरूप में नजर आता है।" जनसंख्या के विषय में यह विचार किस विद्वान का है।**

**उत्तर :** थामस माल्थस का

**प्रश्न 17. परिवार नियोजन का मुख्य काम क्या है?**

**उत्तर :** बच्चों के जन्म को रोकना अथवा उसमें अंतराल रखना।

**प्रश्न 18. जनसंख्या की अधिकतर वृद्धि विकासशील विश्व में हो रही है जहाँ जनसंख्या विस्फोट हो रहा है। ऐसा क्यों? कारण बताइए।**

**उत्तर :** विकासशील विश्व के देशों ने मृत्युदर पर तो काफी हद तक नियन्त्रण कर लिया है परन्तु अभी जन्मदर उच्च बनी हुई है इसलिए इन देशों में अधिकतर जनसंख्या वृद्धि हो रही है।

**प्रश्न 19. किसी देश का वास्तविक धन क्या होता है ?**

**उत्तर :** उस देश के निवासी ।

**प्रश्न 20. किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि दर सबसे अधिक है ?**

**उत्तर :** अफ्रीका (2.4%)।

**प्रश्न 21. जनसंख्या वृद्धि दर किस महाद्वीप में न्यूनतम है?**

**उत्तरः** यूरोप महाद्वीप

**प्रश्न 22. माल्थस सिद्धान्त क्या है ?**

**उत्तर :** थामस माल्थस सिद्धान्त (1893) के अनुसार लोगों की संख्या खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा तेजी से बढ़ेगी। जनसंख्या में वृद्धि का परिणाम अकाल, बीमारी तथा युद्ध द्वारा उसमें अचानक गिरावट के रूप में सामने आएगा।

**प्रश्न 23. किसी देश की जनसंख्या का वितरण व घनत्व क्यों महत्वपूर्ण है ?**

**उत्तर :** जनसंख्या का वितरण व घनत्व उस देश की जनांकिकीय विशेषताओं को समझने में मदद करते हैं।

**प्रश्न 24. 21 वीं शताब्दी के प्रारंभ में विश्व की जनसंख्या कितनी दर्ज की गई?**

**उत्तरः** लगभग 600 करोड़

## तीन अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 25. जनसंख्या वृद्धि दर क्या है? यह कितने प्रकार की होती है? संक्षेत में बताईए।**

**उत्तर:** किसी क्षेत्र में निश्चित समयावधि में जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं। जब जनसंख्या परिवर्तन को प्रतिशत में व्यक्त किया है उसे जनसंख्या वृद्धि दर कहते हैं । जनसंख्या वृद्धि दर 2 प्रकार की होती है:

(1) जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि दर-किन्ही दो समय अंतरालों के बीच जब जन्म दर, मृत्यु दर से अधिक हो जाती है, तब वह जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि दर कहलाती है।

(2) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर-किन्हीं दो समय अंतरालों के बीच जब जन्मदर, मृत्यु दर से कम हो जाती है, तब वह जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर कहलाती है।

**प्रश्न 26. “पृथ्वी पर जनसंख्या को इस आकार तक पहुँचने में कई शताब्दियाँ लगी है। आरंभिक कालों में यह धीरे – धीरे बढी परन्तु विगत सौ वर्षों के दौरान जनसंख्या आश्चर्य जनक दर से बढ़ी है।” इस कथन के संदर्भ में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृति को तीन बिन्दु में स्पष्ट कीजिए। अथवा विश्व में जनसंख्या परिवर्तन की विभिन्न प्रवृत्तियों का आदिकाल से लेकर अब तक का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर :**

- लगभग 8000-12000 वर्ष कृषि के उद्भव व आरम्भ के बाद जनसंख्या का आकार बहुत छोटा था – लगभग 80 लाख थी ।
- ईसा की पहली शताब्दी में जनसंख्या 30 करोड़ से कम थी। 1750 ई. के आसपास औद्योगिक क्रान्ति के समय विश्व की जनसंख्या 55 करोड़ थी।
- 18वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रान्ति के बाद विश्व जनसंख्या में विस्फोटक वृद्धि हुई । प्रौद्योगिकी प्रगति ने मृत्यु दर घटाने व तेजी से जनसंख्या वृद्धि करने में सहायता की। आरम्भ में जनंसख्या को 1 करोड़ होने में 10 लाख से भी अधिक वर्ष लगे। परन्तु अब इसे 5 अरब से 6 अरब होने में मात्र 12 वर्ष लगे।

**प्रश्न 27. प्रवास के प्रमुख अपकर्ष कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** प्रवास के अपकर्ष कारक गंतव्य स्थान को उद्गम स्थान की अपेक्षा अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये कारक निम्न हैं :

- काम के बेहतर अवसर
- रहन-सहन की अच्छी दशाएँ
- शान्ति व स्थायित्व
- अनुकूल जलवायु
- जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा

**प्रश्न 28. प्रवास के प्रमुख प्रतिकर्ष कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** प्रवास के प्रतिकर्ष कारक उद्गम स्थान को उदासीन स्थल बनाते है। इन कारणों की वजह से लोग इस स्थान को छोड़कर चले जाते है। ये प्रमुख कारक निम्न है :

- रहन – सहन की निम्न दशाएँ
- राजनैतिक परिस्थितियाँ
- प्रतिकूल जलवायु
- प्राकृतिक विपदाएँ
- महामारियाँ
- आर्थिक पिछड़ापन

**प्रश्न 29. जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटक निम्न है।

**1) जन्मदर :-** अशोधित जन्म दर को प्रति हजार स्त्रियों द्वारा जन्म दिए गए जीवित बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता है। इसके उच्च होने या निम्न होने का जनसंख्या परिवर्तन से सीधा संबंध है।

**2) मृत्युदर :-** मृत्युदर भी जनसंख्या परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाती है। जनसंख्या वृद्धि केवल बढ़ती जन्मदर से ही नहीं होती ___ अपितु घटती मृत्युदर से भी होती है।


https://www.evidyarthi.in/

**3) प्रवास :-** प्रवास के द्वारा जनसंख्या के आकार में परिवर्तन होता है इसके अन्तर्गत उद्गम स्थान को छोड़कर जाना व गंतव्य स्थान पर आकर बसना दोनों सम्मिलित है। प्रवास स्थायी व मौसमी दोनों प्रकार का हो सकता है। यह जनसंख्या परिवर्तन में योगदान देता

**प्रश्न 30. किसी क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि व हास के प्रमुख परिणामों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** किसी देश की जनसंख्या वृद्धि वहाँ के आर्थिक विकास पर धनात्मक व ऋणात्मक दोनो प्रकार का प्रभाव डाल सकती है।

**जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याएँ :**

- संसाधनों पर अत्याधिक भार ।
- संसाधनों का तीव्र गति से ह्रास ।
- जनसंख्या के भरण पोषण में कठिनाई ।
- विकास की गति का अवरूद्ध होना ।

**जनसंख्या हास के परिणाम :**

- संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता।
- समाज की आधारभूत संरचना स्वयं ही अस्थिर हो जाती है।
- देश का भविष्य चिंता व निराशा में डूब जाता है।

**प्रश्न 31. विश्व में उच्च जनसंख्या घनत्व वाले प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइए।**

**उत्तर :** विश्व में उन स्थानों को जहाँ जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रतिवर्ग कि. मी. से अधिक है सधन आबाद या उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में सम्मिलित करते है। संसार मे ऐसे चार प्रमुख क्षेत्र है।

- संयुक्त राज्य अमेरिका का उत्तरपूर्वी भाग
- यूरोप का उत्तर पश्चिमी भाग
- दक्षिणी एंव दक्षिणी पूर्वी एशिया
- नील नदी की घाटी

**प्रश्न 32. विज्ञान व प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार जनसंख्या वृद्धि में सहायता की है। तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**जनसंख्या की वृद्धि व नियन्त्रण दोनों परिस्थिति में विज्ञान व प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।**

**उत्तर :**

- विज्ञान प्रौद्योगिकी ने कृषि व औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई तथा जनसंख्या में वृद्धि हुई।
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी के बल पर ही भयंकर बीमारियों व संक्रामक __ रोगों के रोकथाम हुई व मृत्युदर पर नियन्त्रण हुआ।

- विज्ञान व प्रौद्योगिकी की उन्नति ने लोगों के रहन-सहन की दशाओं में सुधार किया उन्हें आरामदायक बनाया, जिससे जनसंख्या में वृद्धि हुई।

**प्रश्न 33. मानसून एशिया में जनसंख्या के उच्च घनत्व के प्रमुख कारण बताइए।**

**उत्तर :** इस क्षेत्र में चीन, भारत, बांगलादेश, जापान, सिंगापुर, तथा इण्डोनेशिया व जावा द्वीप प्रमुख है।

- इन क्षेत्रों में मिट्टी उपजाऊ है तथा वर्ष पर्याप्त मात्रा में हो जाती हैं
- अनुकूल दशाओं के कारण चावल की एक वर्ष में दो तीन फसलें उगाई जाती है।
- अधिकतर जनसंख्या कृषि पर आधारित है।
- कहीं-कहीं तो जनसंख्या का घनत्व 400 से 800 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. है।

**प्रश्न 34. जनसंख्या नियन्त्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सरकार क्या तरीके अपना रही है ?**

**उत्तर :**

1) परिवार नियोजन कार्यक्रमों का विस्तार

2) अच्छे गर्भ निरोधकों का प्रचार व सरलता से उपलब्ध कराना।

3) शिक्षा का प्रसार, विशेषकर स्त्रियों में।

**प्रश्न 35. सघनता के आधार पर विश्व को कितने वर्गों में बाँटों जा सकता है। उदाहरण सहित बताईए।**

**उत्तर :** सघनता के आधार पर विश्व को मोटे तौर पर 3 वर्गों में बाँटा जा सकता है

- 200 व्यक्ति/कि.मी / सघन आबाद क्षेत्र :-सयुंक्त राज्य अमेरिका का उत्तर पूर्वी भाग, यूरोप का उत्तर पश्चिम व दक्षिण भाग, दक्षिण, दक्षिण पूर्वी एशिया।
- 11 से 50 व्यक्ति/कि.मी./मध्यम घनत्व क्षेत्रः-एशिया में पश्चिम चीन, दक्षिण, यूरोप में नार्वे और स्वीडन।
- < 1 व्यक्ति/कि.मी /विरल प्रदेशः-उत्तर व दक्षिण ध्रुवों के निकट, उष्ण व शीत मरूस्थल, विषुवत रेखा के निकट के क्षेत्र।

**प्रश्न 36. विश्व में जनसंख्या परिवर्तन के स्थानिक प्रतिरूप को समझाये ।**

**उत्तरः** विश्व में जनसंख्या परिवर्तन के स्थानिक प्रतिरूप :

- जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में ऋणात्मक संबंध है। इसी कारक से विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है।
- विश्व में जनसंख्या परिवर्तन की दर बहुत निम्न (1.4%) है, फिर भी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।
- जब निम्न वार्षिक दर बहुत बड़ी जनसंख्या पर लागू होती है तो इससे कुल जनसंख्या में विशाल परिवर्तन होता है।

## पाँच अंको वाले प्रश्न

**प्रश्न 37. विश्व में जनसंख्या के वितरण एंव घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।**


https://www.evidyarthi.in/

**या**

**'विश्व में जनसंख्या का वितरण असमान है। 'इस कथन के संदर्भ में प्रमुख कौन-से कारक जनसंख्या वितरण को प्रभावित करते हैं?**

**उत्तर :** विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक निम्न है।

### 1. प्राकृतिक कारक

- **उच्चावच :-** पर्वतीय, पठारी अथवा ऊबड़-खाबड़, प्रदेशों में कम लोग रहते हैं जबकि मैदानी क्षेत्रों में लोगों का निवास अधिक होता है क्योंकि इन क्षेत्रों में भूमि उर्वरक होती है और कृषि की जा सकती है। यही कारण है कि नदी घाटियों जैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र, हांग-हो आदि की घाटियाँ अधिक घनी बसी है।
- **जलवायु :-** अत्याधिक गर्म या अत्याधिक ठंडे भागों में कम जनसंख्या निवास करती है। ये विरल जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं जैसे मरूस्थल व पहाड़ी क्षेत्र मानसून प्रदेशों में अधिक जनसंख्या निवास करती है – जैसे एशिया के देश।
- **मृदा :-** जनसंख्या के वितरण पर मृदा की उर्वरा शक्ति का बहुत प्रभाव पड़ता है। उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में खाद्यान्न तथा अन्य फसलें अधिक पैदा की जाती हैं तथा प्रति हैक्टेयर उपज अधिक होती है। इसलिए नदी घाटियों की उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्र अधिक घने बसे हैं।
- **जल की उपलब्धता :-** लोग उन क्षेत्रों में बसने को प्राथमिकता देते हैं जहाँ जल आसानी से उपलब्ध होता है। यही कारण है कि नदी घाटियाँ विश्व के सर्वाधिक सघन बसे हुए क्षेत्र हैं।
- **वनस्पति :-** अधिक घने वनों के कारण भी जनसंख्या अधिक नहीं पाई जाती है लेकिन कोणधारी वनों की आर्थिक उपयोगिता अधिक है। इसलिए लोग उन्हें काटने के लिए वहाँ बसते हैं।

### 2) आर्थिक कारक :

- **परिवहन का विकास :-** परिवहन के साधनों के विकास से लोग दूर के क्षेत्रों से परिवहन के बेहतर साधनों से जुड़ जाते हैं विश्व के सभी परिवहन साधनों से जुडे क्षेत्र सघन आबाद हैं।
- नगरीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों और नगरीय केन्द्रों की वृद्धि एक उच्च जनसंख्या घनत्व को आकर्षित करती है।
- खनिज निक्षेपों से युक्त क्षेत्र आर्थिक रूप से लोगों को आकर्षित करते हैं।

### 3) धार्मिक एंव सांस्कृतिक कारक :

- **धार्मिक कारक :-** धार्मिक कारणों से लोग अपने देश छोड़ने को मजबूर हो जाते है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान यहूदियों को यूरोप छोडकर रेगिस्तान क्षेत्र में नया देश इजराइल बसाना पड़ा था। इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण जनसंख्या का वितरण प्रभावित हुआ है।
- राजनैतिक कारक :- किसी देश में गृह युद्ध, अशान्ति आदि के कारण भी जनसंख्या वितरण पर प्रभाव पड़ता है उदाहरण के लिए, फारस की खाड़ी का युद्ध, श्रीलंका में जातीय संघर्ष आदि के कारण जनसंख्या का पलायन हुआ।

**प्रश्न ३८. किसी देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ने पर वहाँ आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

**उत्तर :** जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण अनेक प्रकार की आर्थिक और सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है :

- **भोजन की समस्या :-** तीव्र गति से जनसंख्या की वृद्धि के कारण भोजन पदार्थों की आवश्यकता की पूर्ति कठिन हो जाती है।
- **आवास की समस्या :-** बढती जनसंख्या के कारण निवास स्थानों की कमी होती जा रही है। लाखों लोग झुग्गी तथा झोपड़ी में निवास करते हैं।
- **बेरोजगारी :-** जनसंख्या वृद्धि के कारण बेकारी एक गम्भीर समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है। आर्थिक विकास कम हो जाने से रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं और बेरोजगारी बढ़ जाती है।
- **निम्न जीवन स्तर :** अधिक जनसंख्या के कारण प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है इसलिए स्तर गिर जाता है।
- **जनसंख्या का कृषि पर अधिक दबाव :** बढ़ती जनसंख्या को खाद्यान्नों की पूर्ति करने के लिए कृषि योग्य भूमि पर दबाव बढ़ जाता है।
- **बचत में कमी :** जनसंख्या वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ जाती है तथा बचत कम होती है।
- **स्वास्थ्य :** नगरों में गन्दगी बढ़ जाती है स्वास्थ्य और सफाई का स्तर नीचे गिर जाता है।

**प्रश्न 39. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत क्या है? जनांकिकीय संक्रमण अवस्थाओं को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त किसी क्षेत्र की जनसंख्या के वर्णन तथा भविष्य की जनसंख्या के पूर्वानुमान लगाने में मदद करता है। इस सिद्धान्त के अनुसार जैसे-जैसे कोई देश या समाज ग्रामीण खेतीहर और अशिक्षित में उन्नति करके नगरीय औद्योगिक और साक्षर बनता है तो उस समाज में उच्च जन्म व उच्च मृत्युदर से निम्न जन्म व निम्न मृत्युदर की स्थिति आने लगती है ये परिवर्तन विभिन्न अवस्थाओं में होते हैं। इन्हे सामूहिक रूप से जनांकिकीय चक्र कहते हैं। ये अवस्थाएँ निम्न प्रकार हैं:

- **प्रथम अवस्था :** प्रथम अवस्था में उच्च जन्मदर और उच्च मृत्युदर होती है। जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकतम लोग प्राथमिक व्यवसाय में लोग होते हैं। बड़े परिवार संपत्ति माने जाते हैं जीवन प्रत्याशा निम्न होती है।
- **द्वितीय अवस्था :** इस अवस्था में आरंभ में उच्च जन्मदर बनी रहती है किन्तु समय के साथ घटती है। इस अवस्था में मृत्युदर घट जाती है। जन्मदर व मृत्युदर में अंतर के कारण जनसंख्या तेजी से बढ़ती है। बाद में घटने लगती है।
- **तृतीय अवस्था :** इस अवस्था में जन्म दर तथा मृत्युदर बहुत कम हो जाती है। लगभग संतुलन की स्थिति होती है। जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है अथवा बहुत कम वृद्धि होती है। इस अवस्था में जनसंख्या शिक्षित हो जाती है तथा तकनीकी ज्ञान के द्वारा विचार पूर्वक परिवार के आकार को नियन्त्रित करती है।

**प्रश्न 40. विश्व में बहुत अधिक क्षेत्रफल पर बहुत कम लोग व बहुत कम क्षेत्र पर बहुत अधिक लोग रहते है। "उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि करो।**

**अथवा**


**"विश्व में जनसंख्या वितरण का प्रतिरूप अपने आप में अनूठा है।" स्पष्ट करें।**

**उत्तर :**


- विश्व की 90% जनसंख्या इसके 10% स्थल पर निवास करती है।


https://www.evidyarthi.in/

- संयुक्त राज्य अमेरिका का पूर्वी भाग यूरोप का उत्तरी पश्चिमी भाग, दक्षिणी, दक्षिणी पूर्वी एशिया के क्षेत्र सर्वाधिक घनत्व वाले क्षेत्र है जहां 200 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से भी अधिक लोग रहते हैं।
- उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों के निकट, उष्ण व शीत मरूस्थल व अधिक वर्षा वाले स्थानों का जनसंख्या घनत्व 1 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से भी कम है।
- उत्तरी गोलार्ध में जनसंख्या अधिक तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में कम है क्योंकि द. गोलार्ध में स्थल भाग कम है।
- संसार की अधिकांश जनसंख्या 5° उत्तरी अक्षांश से 45° उत्तरी अक्षांश के मध्य ही निवास करती हैं।




**प्रश्न 41. दिए गए संसार के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**



1) संसार के उन दो क्षेत्रों के नाम बनाइए जहाँ जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से अधिक है।

2) संसार के दो ऐसे क्षेत्रों के नाम बताइए जहाँ जनसंख्या घनत्व एक व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से कम है।

3) संसार के दो मध्यम जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों के नाम लिखो।

4) संसार के दो ऐसे क्षेत्रों के नाम बताइए जहाँ जलवायु अनुकूल ना होने के कारण जनसंख्या घनत्व कम है।

**उत्तरः**

1) द० पूर्वी एशिया, यूरोप का उत्तर पश्चिमी भाग

2) उष्ण एव शीत मरूस्थलीय क्षेत्र, विषुवत रेखा के निकट उच्च वर्षा के क्षेत्र

3) पश्चिमी चीन, द० भारत

4) सहारा मरूस्थल, उत्तरी मनाडा